प्रेस-विज्ञप्ति **08.03.2020**

दिनांक 08 मार्च, 2020 को सायं 06:30 बजे मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश एवं हिमालयन यूनिवर्सल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान तत्वाधान में होली उत्सव अवसर पर भव्य शास्त्रीय संगीत "आनंद गुलाल" आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मर्चेंट्स चैम्बर के अध्यक्ष मुकुल टंडन, डॉ. आई.एम. रोहतगी एवं श्री विजय सिंह, हिमालयन यूनिवर्सल ट्रस्ट के पधारिकारियों की उपस्थिति में दीप-प्रज्जवलन के साथ हुआ।

सांस्कृतिक-कार्यक्रम के मुख्य-अतिथि डॉ. सुधीर एम. बोबडे-आई.ए.एस., कमिश्नर, कानपुर एवं विशिष्ट-अतिथि श्रीमती तुली राय, क्षेत्रीय निदेशक, रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया, थे।

मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सीए मुकुल टंडन पधारे समस्त आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि होली उत्सव के अवसर पर भव्य शास्त्रीय संगीत "आनंद गुलाल" सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पल-प्रतिपल, हमारे संस्थान के लिए यह बड़ा ही गौरव का विषय हो गया है कि मर्चेंट्स चैम्बर आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक क्षेत्र में अग्रणी होने के साथ-साथ कला व साहित्य क्षेत्र के बढ़ावे में भी तत्परता से योगदान दे रहा है। मै आशा करता हूँ कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम समय-समय पर आयोजिते होते रहेंगे। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में हम सभी आज होली रंगों का भी हमारे संस्थान की परिपाटी के अंदाज में आनंद लेंगे।

कार्यक्रम में यह रोमांचकारी कला का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें पंडित सतीश चंद्र द्वारा सितार (जो उत्तर दिशा का प्रमुख वाद्य यंत्र है) की जुगलबंदी ज्योति हेगडे द्वारा रूद्र वीणा (जो दक्षिण दिशा का वाद्य यंत्र है) से की गयी।

अद्भुद नृत्य-कला 'कत्थक' का प्रदर्शन हर्षदा जाम्वेकर एवं उनके ग्रुप द्वारा किया गया जो मुंबई से थे।

कार्यक्रम में महान विभूतियों को स्वामी रामा प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अपनी क्षमता एवं योग्यता के बल पर भारतीय म्यूजिक को बढ़ावा देने वाले कलाकारों को मिलता है एवं साथ ही जिन्होंने फाइन आर्ट्स, योग, साइंस, प्रौद्योगिकी एवं फिलोसोफी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया हो।

कार्यक्रम में वाद्य यंत्रों पर सुखद मुंडे ने 'पखावज', हरीश झा ने 'तबला' एवं श्रियांशी चंद्रा ने 'तानपुरा' पर तान देकर श्रोताओं को मंत्र-मुग्ध कर दिया।

महिला-दिवस के अवसर पर "एकल महिला संघर्ष……..एक सोच, एक पहल !" के तहत अकेली महिलाओं को सम्मानजनक जीवन एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सम्मानित किया गया।

सांस्कर्तिक कार्यक्रम में महेंद्र नाथ मोदी, सचिव- मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश, अनिल अग्रवाल, डॉ. आई.एम. रोहतगी, श्री बी.के. लाहोटी, श्री अविनाश चौबे, श्री अक्षय गुप्ता, श्री चन्द्र ऋषि, मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश एवं हिमालयन यूनिवर्सल ट्रस्ट सदस्यगण अपने परिवारीजन के साथ उपस्थित थे।

धन्यवाद